
## एक नजर में

### श्री सत्यसाई बाबा का 100वां जन्मोत्सव समारोह 23 नवम्बर को मनाया जाएगा



**मन्दसौर।** श्री सत्य साई सेवा संगठन समिति, मंदसौर द्वारा भगवान श्री सत्यसाई बाबा का 100वां जन्मोत्सव समारोह 23 नवम्बर, रविवार को बड़े ही उत्साह व उमंग के साथ चमत्कारिक बालाजी साई मंदिर वेयर हाउस के सामने, रेल्वे स्टेशन रोड़ मंदसौर पर मनाया जाएगा। समिति जिलाध्यक्ष डी.सी. सक्सेना ने बताया कि 23 नवम्बर को जन्मोत्सव कार्यक्रम के तहत प्रात: 5.20 बजे ओमकारम नगर संकीर्तन का आयोजन होगा। साथ ही सायं 6 से 8 बजे तक दीप प्रज्ज्वलन, वेद पाठ, भजन, बाल विकास सांस्कृतिक कार्यक्रम, उद्बोधन आरती के पश्चात् अन्नकूट महाप्रसादी का आयोजन होगा। श्री सत्यसाई सेवा समिति मंदसौर के डी.सी. सक्सेना, प्रकाश चंदवानी, श्रीकांत त्रिवेदी, आशा गोयल, नूतन शिंदे, मधुरिमा शर्मा, शैलेश श्रीवास्तव, मनोहर सोनी, गोपाल माली, भंवर माली, सुशील तिवारी, जयश्री चंदवानी, मनोरमा सोनी, महेंद्र कोटवानी, आदि ने सभी सत्यसांई भक्तों से श्री सत्यसाई बाबा के 100वें जन्मोत्सव पर आयोजित कार्यक्रमों में सहभागिता करने की अपील की है।

### एमएसएमई ऋण आउटरीच शिविर का हुआ आयोजन, 120 उद्यमियों ने की सहभागिता



**मन्दसौर।** 21 नवम्बर को सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा वृहत्त एमएसएमई ऋण आउटरीच शिविर का आयोजन औद्योगिक क्षेत्र मंदसौर में किया गया। 'वित्तीय समावेशन और आत्मनिर्भर भारत' के लक्ष्य को सशक्त बनाने हेतु इस शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 120 उद्यमियों व ग्राहकों के द्वारा प्रतिभागिता की गई। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के अंचल प्रमुख श्री धीरज गोयल, क्षेत्र प्रमुख श्री संतोष कुमार, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक संजय मोदी एवं मंदसौर शाखा के कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर बैंक की विभिन्न ऋण योजनाओं जैसे सेंट बिजनेस लोन, सेंट बिजनेस व्हीकल, सेंट संजीवनी, सेंट टेक्सटाइल, सेंट स्टैंड अप इंडिया, सेंट् शॉप एवं सेंट् होटल की जानकारी दी गई, उद्यमियों को ऑन-द-स्पॉट आवेदन सहायता, वित्तीय मार्गदर्शन एवं लोन स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए तथा बैंक अधिकारियों द्वारा उत्पादों के संबंध में पीपीटी प्रस्तुत की गई। विभिन्न शासकीय योजना जेसे कि पीएम विश्वकर्मा, पीएम स्व-निधि मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजनाओं में स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए।

### भगवान जगन्नाथ की महाआरती आज

मन्दसौर। प्रति माह के शुक्ल पक्ष की द्वितीया को शिवना नदी तट पर स्थित (पुरी, उड़ीसा के जगन्नाथ मंदिर की प्रतिकृति) 500 वर्ष प्राचीन ऐतिहासिक सिद्ध स्थल में काष्ठ की प्रतिमा वाले भगवान जगन्नाथ, बलभद्र व सुभद्राजी की महाआरती 22 नवम्बर शनिवार को सायं 6 बजे होगी। सभी भक्तजन सपरिवार पधारकर पुण्य लाभ लें। महाआरती के मुख्य यजमान महाराज रामकिशोरदास (तीन छतरी बालाजी), पंडित अरविंद सारस्वत (नगर मंडल अध्यक्ष, भाजपा), पंडित अरुण शर्मा (प्रदेश उपाध्यक्ष, सर्व ब्राह्मण समाज), राजेश कुलश्रेष्ठ (वरिष्ठ पत्रकार), ललित खेमानी (समाज सेवी) होंगे।

### भावांतर योजना में सोयाबीन का मॉडल रेट बढ़कर हुआ 4271 रुपए

**मंदसौर।** भावांतर योजना 2025 के अंतर्गत सोयाबीन विक्रेता किसानों के लिए आज 21 नवंबर को 4271 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी किया गया है। यह मॉडल रेट उन किसानों के लिए है जिन्होंने अपनी सोयाबीन की उपज मंडी प्रांगणों में विक्रय की है। इस मॉडल रेट के आधार पर ही भावांतर की राशि की गणना की जाएगी। सोयाबीन के मॉडल रेट में लगातार वृद्धि जारी है। पहला मॉडल रेट 7 नवंबर को 4020 रुपए प्रति क्विंटल जारी किया गया था। इसी तरह 8 नवंबर को 4033 रुपए, 9 और 10 नवंबर को 4036 रुपए, 11 नवंबर को 4056 रुपए, 12 नवंबर को 4077 रुपए, 13 नवंबर को 4130 रुपए, 14 नवंबर को 4184 रुपए, 15 नवंबर को 4225 रुपए, 16 नवंबर को 4234 रुपए, 17 नवंबर को 4236 रुपए, 18 नवंबर को 4255 रुपए, 19 नवंबर को 4263 रुपए और 20 नवंबर को 4267 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी हुआ था। राज्य सरकार की गारंटी है कि किसानों को हर हाल में सोयाबीन के न्यूनतम समर्थन मूल्य की 5328 रुपए प्रति क्विंटल की राशि मिलेगी।

### वृहत्त एमएसएमई ऋण आउटरीच शिविर का हुआ आयोजन

**मंदसौर।** लीड बैंक मैनेजर संजय कुमार मोदी द्वारा बताया गया कि, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा आज औद्योगिक क्षेत्र, मंदसौर में वृहत्त एमएसएमई ऋण आउटरीच शिविर का आयोजन किया गया। 'वित्तीय समावेशन और आत्मनिर्भर भारत' के लक्ष्य को और अधिक सशक्त करने के उद्देश्य से आयोजित इस शिविर में कुल 120 उद्यमियों एवं ग्राहकों ने सहभागिता की। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के अंचल प्रमुख धीरज गोयल, क्षेत्र प्रमुख संतोष कुमार, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक संजय मोदी तथा मंदसौर शाखा के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर बैंक की विभिन्न ऋण योजनाओं—सेंट बिजनेस लोन, सेंट बिजनेस व्हीकल, सेंट संजीवनी, सेंट टेक्स्टाइल, सेंट स्टैंड अप इंडिया, सेंट शॉप एवं सेंट होटल—की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। उद्यमियों को ऑन-द-स्पॉट आवेदन सहायता, वित्तीय मार्गदर्शन, तथा लोन स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। बैंक अधिकारियों द्वारा उत्पादों एवं सेवाओं संबंधी पीपीटी प्रस्तुति भी दी गई। शिविर में पीएम विश्वकर्मा, पीएम स्व-निधि एवं मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए।

### ऑपरेशन मुस्कान में भानपुरा पुलिस को मिली बड़ी सफलता, अपहृत नाबालिग बरामद, आरोपी गिरफ्तार

**भानपुरा।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश पर चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान अभियान के तहत भानपुरा पुलिस ने नाबालिग को सुरक्षित बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक श्री विनोद कुमार मीणा के निर्देश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (गरोठ) श्रीमती हेमलता कुरील एवं एसडीओपी विजय कुमार यादव के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई। थाना भानपुरा में 8 सितंबर 2025 को दर्ज शिकायत के अनुसार ग्राम के एक परिवार की नाबालिग बेटी घर से अचानक लापता हो गई थी। परिजनों को संदेह था कि आरोपी कालुराम मेघवाल निवासी जग्गनाथपुरी (जिला झालावाड़) उसे बहला-फुसलाकर ले गया है। प्रकरण में धारा 137(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर थाना प्रभारी निरीक्षक आर.सी. दांगी ने खोजबीन के लिए विशेष टीम गठित की। तकनीकी व वैधानिक प्रयासों से पता चला कि नाबालिग भंडावद (थाना जीरापुर, जिला राजगढ़) में है। टीम ने मौके पर पहुंचकर नाबालिग को आरोपी के कब्जे से मुक्त कराया और आरोपी कालुराम (उम्र 23 वर्ष) को गिरफ्तार कर लिया। पीड़िता के बयान व मेडिकल परीक्षण के बाद पोक्सो एक्ट सहित सुसंगत धाराएँ बढ़ाई गई हैं। आरोपी को न्यायालय में पेश किया जा रहा है। मंदसौर पुलिस ने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों की सुरक्षा एवं देखरेख पर विशेष ध्यान रखें। कार्रवाई में थाना भानपुरा व साइबर सेल मंदसौर की टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## संचार केवल कौशल नहीं, आज की अनिवार्यता है : डॉ. विनिता श्रीवास्तव

- मंदसौर विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम सम्पन्न



**मंदसौर।** मंदसौर विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, नोएडा की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. विनिता श्रीवास्तव ने अपने विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने कहा कि 'संचार आज केवल कौशल नहीं, बल्कि जीवन और प्रोफेशन दोनों की अनिवार्यता बन चुका है'। उनके प्रेरणादायी मार्गदर्शन ने कार्यक्रम को ज्ञान, संवाद और आत्मचिंतन से भर दिया।

डॉ. श्रीवास्तव ने एआई को शिक्षकों का विकल्प नहीं बल्कि एक बुद्धिमान सहायक प्रणाली बताया, जो लेसन प्लानिंग, मूल्यांकन प्रक्रिया और आधुनिक शिक्षण को और प्रभावी बना सकता है।

उन्होंने आउटकम-बेस्ड एजुकेशन (ह्क्क्ष) और राष्ट्रीय शिक्षा नीति (ह्श्वक्क-2020) पर भी विस्तृत चर्चा की। उन्होंने उदाहरणों के माध्यम से बताया कि छोटे बदलाव भी शिक्षण गुणवत्ता में बड़ा अंतर ला सकते हैं। तीन दिवसीय कार्यशाला के अंत तक शिक्षकों में नई ऊर्जा और अभिनव पद्धतियों को अपनाने का उत्साह देखा गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. राजीव आर. ठाकुर ने की। उन्होंने कहा कि किसी भी विश्वविद्यालय में वास्तविक शिक्षण वहीं संभव है जहाँ जिज्ञासा को दिशा और नवाचार को उद्देश्य मिले। ऐसे कार्यक्रम विश्वविद्यालय की उस प्रतिबद्धता को मजबूत करते हैं जिसके तहत शिक्षकों और विद्यार्थियों को भविष्य के अनुरूप सक्षम बनाया जा रहा है।

कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने कक्षा अनुभव, नई चुनौतियों और विद्यार्थियों के बदलते व्यवहार पर खुलकर चर्चा की। यह संवाद सामूहिक आत्मविश्लेषण में बदल गया, जिसने शिक्षकों को अपने शिक्षण पद्धति और विद्यार्थियों की आवश्यकताओं को नई दृष्टि से समझने का अवसर दिया। सत्र में चैटजीपीटी, परप्लेक्सिटी और जेमिनी जैसे एआई टूल्स का व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रमुख आकर्षण रहा।

कार्यशाला के अंतिम दिन आयोजित स्टूडेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम में विद्यार्थियों को इंटीग्रेटेड मार्केटिंग कम्युनिकेशन (ढ्ढरूष्ट) और डिजिटल मार्केटिंग की मूल अवधारणाओं से विस्तृत रूप में परिचित कराया गया। इस सत्र में डॉ. श्रीवास्तव ने बताया कि प्रभावी संचार रणनीतियाँ किस प्रकार ब्रांड निर्माण, दर्शक-संपर्क और डिजिटल पहचान निर्धारित करती हैं। समूह गतिविधियों और संवादात्मक अभ्यासों ने विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ाया तथा मार्केटिंग सिद्धांतों को वास्तविक जीवन से जोड़ने में मदद की।

विद्यार्थियों ने साझा किया कि कार्यक्रम से उनकी संवाद क्षमता में सुधार हुआ और वे उद्योग की बदलती आवश्यकताओं को बेहतर समझ पाए। अंत में मंदसौर विश्वविद्यालय ने दोहराया कि वह तकनीक, संवाद रणनीतियों और चिंतनशील अधिगम को जोड़कर एक जीवंत और गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण निर्मित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है, ताकि भविष्य की चुनौतियों का सामना करने में सक्षम शिक्षक और विद्यार्थी तैयार हो सकें।

## मंदसौर नपा शहरी आवास योजना के नाम पर मध्यमवर्गीय लोगों को कर रही गुमराह : सोलंकी

- लाभार्थियों को छह माह बीतने के बाद भी नहीं मिली राशि, नपा कार्यालय के काट रहे चक्कर



**मन्दसौर।** मंदसौर ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री शिवशंकर सोलंकी द्वारा आरोप लगाया कि मंदसौर नगर पालिका द्वारा आवास योजना में लगभग छह महीने पहले आवास योजना के तहत 200 आवास स्वीकृत किये गये थे लेकिन उनकी राशि का भुगतान अभी तक करना प्रारंभ नहीं किया है मध्यवर्गीय वर्ग के लोग मजदूरी छोड़कर नगर पालिका के चक्कर लगा रहा है परंतु उन्हें योजना के लाभ की जगह 15 दिन बाद 10 दिन बाद बोलकर जिम्मेदार अधिकारी आवास योजना के पात्र मध्यमवर्गीय लोगों को गुमराह कर रही है वह उन्हें परेशान किया जा रहा है। आवास योजना की राशि लाभार्थियों को देने मे देरी क्यों हो रही है इसका कोई जवाब जिम्मेदार अधिकारी नहीं दे रहे है। पात्र हितग्राही बार-बार नगरपालिका के चक्कर लगाकर परेशान हो रहे हे। श्री सौलंकी ने कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग एवं नगर पालिका प्रशासन से मांग की है कि शीघ्र अतिशीघ्र आवास योजना में स्वीकृत लाभार्थियों को आवास की राशि प्रदान की जाए जिससे मध्यम वर्गीय परिवारों को राहत प्रदान मिल सके।

## पशुपतिनाथ महादेव मेला में आज होगा अभा कवि सम्मेलन आयोजित

**मंदसौर।** नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर, नपा उपाध्यक्ष श्रीमती नम्रता प्रीतेश चावला, मेला सभापति श्रीमती प्रतिभा विक्रम भैरवे ने बताया कि आज दिनांक 22 नवम्बर, शनिवार को रात्रि 9 बजे से देर रात्रि तक भगवान श्री पशुपतिनाथ महादेव मेला के सांस्कृतिक रंगमंच पर अ.भा. कवि सम्मेलन का आयोजन होगा। इस कवि सम्मेलन में कविगण सर्वश्री बुद्धिप्रकाश दाधीच, जानी बैरागी, मदनमोहन समर, जगदीश सौलंकी, पंकज प्रसून, गोपाल धुरंधर, दीपक पारीख, राम भदावर, गौरव चौहान, श्वेतासिंह एवं मुन्ना बेटरी (सूत्रधार) अपनी कविताओं का पाठ करेंगे। मंदसौर नगर एवं जिले सहित पूरे मालवा मेवाड़ अंचल के गणमान्य नागरिकों व माता बहनों से नपा परिषद आग्रह करती है कि वे इस कवि सम्मेलन का आनंद लेने हेतु अवश्य पधारे।

## कैलाश खेर द्वारा मंच से की टिप्पणी से नगरवासी आहत : परिहार

- सीएमओ से भुगतान रोकने तथा पुलिस कार्रवाई की मांग



**मन्दसौर।** 63वें श्री पशुपतिनाथ महादेव मेले के सांस्कृतिक कार्यक्रम में हुए विवाद को लेकर मजदूर कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष करणसिंह परिहार ने मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्रीमती अनिता चकोटिया को आवेदन सौंपते हुए कार्यक्रम के आयोजकों का भुगतान रोकने की मांग की है।

परिहार ने अपने आवेदन में उल्लेख किया कि 20 नवंबर 2025 को आयोजित सांस्कृतिक संध्या के दौरान आमंत्रित गायक कैलाश खेर ने मंच से जनता एवं अतिथियों के प्रति अभद्र, उपहासपूर्ण तथा धिक्कार प्रकट करने वाले शब्द कहे, जिससे नगरवासियों की भावनाएँ आहत हुई हैं और नगर की गरिमा को ठेस पहुँची है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम संचालन में आयोजकों की गंभीर लापरवाही भी सामने आई है। उन्होंने बताया कि इस प्रकरण को लेकर थाना नई आबादी मंदसौर में भी लिखित शिकायत प्रस्तुत कर पुलिस प्रशासन से आवश्यक कार्रवाई का निवेदन किया गया है।

परिहार ने कहा कि कैलाश खेर मेले के सांस्कृतिक मंच पर कलाकार के रूप में आमंत्रित थे, जिनका दायित्व भजनों व गीतों के माध्यम से जनता का मनोरंजन करना था, न कि किसी प्रकार की सलाह देना या विवादित टिप्पणियाँ करना। उनकी कही बातें मीडिया और सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से प्रसारित हुईं, जिससे नगरवासियों में रोष व्याप्त है। उन्होंने कहा कि मंदसौर नगर एवं यहां के रहवासियों की अपनी प्रतिष्ठा है। भगवान पशुपतिनाथ महादेव की ख्याति देशभर में है, ऐसे पावन परिसर में आयोजित मेले के मंच से इस प्रकार की टिप्पणियाँ असंगत और अस्वीकार्य हैं। परिहार ने मांग की कि इस पूरे प्रकरण के लिए कैलाश खेर सहित आयोजक व सह-आयोजक जिम्मेदार हैं, इसलिए कार्यक्रम का भुगतान तत्काल प्रभाव से रोका जाए।

## पिपलियामंडी के युवक को झूठा फंसाने का आरोप

- , किसानों ने किया सीबीएन कार्यालय का घेराव, जमकर की नारेबाजी,
- निष्पक्ष जांच व निर्दोष को छोड़े जाने की उठी जोरदार मांग, नारकोटिक्स डीओ को सौंपा ज्ञापन

**पिपलियामण्डी।** पिपलियामंडी के एक साधारण मजदूर युवक को एनडीपीएस एक्ट के प्रकरण में झूठा फँसाए जाने के आरोप ने क्षेत्र में आक्रोश पैदा कर दिया। इसी मुद्दे को लेकर किसान नेता श्यामलाल जोकचन्द के नेतृत्व में शुक्रवार को बड़ी संख्या में ग्रामीण, महिलाएं और स्थानीय निवासी नीमच स्थित केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सीबीएन) कार्यालय पहुँचे। प्रदर्शनकारियों ने करीब एक घंटे तक जोरदार नारेबाजी कर कार्यालय का घेराव किया और बाद में नारकोटिक्स विभाग के डीओ राजेन्द्रसिंह को विस्तृत ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच की मांग की। अधिकारी ने सात दिन में मामले की निष्पक्ष जांच कराने का भरोसा दिया। घटना का केंद्र रहे पिपलियामंडी अयोध्या बस्ती निवासी गोर्धनसिंह राजपूत पर आरोप है कि सीबीएन ने बिना पर्याप्त साक्ष्यों के उन पर मादक पदार्थ तस्करी से जुड़ी 'पायलटिंग' का मामला दर्ज कर लिया। ग्रामीणों का कहना है कि गोर्धनसिंह एक शांत, सरल और मेहनतकश युवक है, जो गिट्टी, मार्रम व निर्माण सामग्री की सप्लाई का कार्य करता है। उसकी आर्थिक स्थिति भी सामान्य है और उसके खिलाफ आज तक कोई आपराधिक प्रकरण दर्ज नहीं हुआ। ऐसे युवक पर अचानक एनडीपीएस एक्ट जैसी गंभीर धारा लगा देना सभी के लिए हैरान करने वाला है। स्थानीय लोगों के आरोपों ने मामले को और गंभीर बना दिया है। प्रदर्शनकारियों के अनुसार पिपलियामंडी निवासी भाजपा नेता दिनेश पोरवाल को नारकोटिक्स ने नोटिस जारी किया था, परंतु गोर्धनसिंह को कोई नोटिस नहीं दिया गया। इसके बावजूद घटना के अगले दिन यह जानकारी मिली कि गोर्धनसिंह के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। लोगों का आरोप है कि पोरवाल ने स्वयं गोर्धनसिंह को नारकोटिक्स कार्यालय लेकर जाकर वापस छोड़ दिया था, जिससे यह शंका और गहरी हो गई कि कहीं किसी सांठ-गांठ के चलते निर्दोष व्यक्ति को प्रकरण में फँसा तो नहीं दिया गया। इस दौरान किसान नेता जोकचन्द ने कहा कि क्षेत्र में लगातार निर्दोष युवाओं, किसानों और मजदूरों पर झूठे मुकदमे दर्ज कर उन्हें अपराधी बनाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि 'ऐसा अन्याय और अत्याचार तो अंग्रेजी हुकूमत में भी नहीं हुआ। अगर स्थिति ऐसी ही बनी रही तो जनआक्रोश फूट सकता है और इसकी जिम्मेदारी संबंधित विभागों की होगी।' उन्होंने साफ कहा कि नारकोटिक्स विभाग को यह स्पष्ट करना चाहिए कि एक निर्दोष मेहनतकश व्यक्ति को किस आधार पर गंभीर आरोपों में घेरा गया। प्रदर्शन के बीच नारकोटिक्स विभाग के दो अधिकारी प्रदर्शनकारियों को समझाने पहुंचे, लेकिन लोग नारेबाजी में डटे रहे। बाद में डीओ राजेन्द्रसिंह कार्यालय पहुंचे, जिनको आंदोलनकारियों ने विस्तृत ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि गोर्धनसिंह पर दर्ज प्रकरण संदिग्ध है और उनके खिलाफ लगाए गए आरोपों की सत्यता पर संदेह है।



## लायंस क्लब मन्दसौर गोल्ड ने सर्दी से बचाव के लिए विद्यार्थियों को ऊनी वस्त्र बांटे

**मन्दसौर।** लॉयन्स क्लब मंदसौर गोल्ड द्वारा डिस्ट्रिक्ट परिकल्पना 'आओ खुशियाँ बाँटे' के अंतर्गत दानदाताओं के सहयोग से शा. प्राथमिक विद्यालय, जनता कॉलोनी पर ठंड से बचाव हेतु स्कूल के बच्चों को ऊनी स्वेटर व गरम केप का वितरण किया गया। गरम मुलायम ऊनी वस्त्र पाकर बच्चे खुशी से झूम उठे, उनके चेहरों पर पर खुशी के भाव देखकर सभी आनंदित हो गए।

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ पत्रकार अशोक झलोया ने लायंस क्लब मंदसौर गोल्ड के द्वारा किए जा रहे सेवा भावनाओं के कार्यक्रमों की प्रशंसा की और कहा कि हम जरूरतमंद बच्चों की सेवा प्रकल्पों से जीवन को सार्थकता प्रदान कर सकते है, इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित नगरपालिका पार्षद प्रीतम पंचोली ने लायंस क्लब मंदसौर गोल्ड द्वारा जरूरतमंद बच्चों के लिए जो सहयोग प्रदान किया उसके लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। रंगकर्मी साहित्यकार लाल बहादुर श्रीवास्तव ने बच्चों को चित्रकारी एवं कविता लेखन के लिए प्रेरित किया।



## एबीटीएम संगठन के 'राष्ट्रीय प्रवक्ता' मप्र पधारे

मन्दसौर। अखिल भारतीय तेली महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता रामेश्वरराठौर (नैनावां) बांरा (राजस्थान) वाले, मंदसौर के पशुपतिनाथ महादेव मंदिर पर पधारकर, भूतभावन भगवान ष्पशुपतिनाथ महादेव का विशेष पूजन अर्चन किया, जिसमें नंदलाल साहू भीलवाड़ा (राजस्थान) के साथ में, मध्यप्रदेश के प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष ओमेशी राठौर, मंदसौर तेली समाज के संरक्षक भेरूलाली राठौर, घनश्याम राठौर (कनघट्टी) के साथ उपस्थित हुए, साथ ही मध्य प्रदेश के एबीटीएम के संरक्षक एवं भारतीय जनता पार्टी सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक मदनलाल राठौर के निवास पर भी रामेश्वर राठौर का स्वागत एवं अभिनंदन हुआ, तत्पश्चात मंदसौर जिले से आए हुए सकल तेली समाजजन एवं संगठन के पदाधिकारीगण से चर्चा स्वरूप बैठक करी, जिसमें मंदसौर जिले एवं आसपास के समस्त सकल तेली समाज द्वारा उनके कार्यक्रम अनुसार, मंदसौर नगर में तेलिया तालाब उद्यान में विराजित, तेली समाज कि आराध्या भक्त शिरोमणि 'मां कर्मा देवी' की मूर्ति पर पुष्प माला अर्पित की गई, और साथ में तेली समाज की विरासत, तेलिया तालाब का निरीक्षण किया, एवं समाजजन से तेली समाज के इतिहास एवं उसकी विरासत को लेकर अपना वक्तव्य वीडियो के माध्यम से जारी किया गया, तत्पश्चात् अखिल भारतीय तेली महासभा के समस्त पदाधिकारी गण द्वारा मंदसौर नगर में जगह-जगह आत्मीय स्वागत, वंदन और अभिनंदन किया गया।

**एक नजर** — नीमच के गोमाबाई रोड पर तेज रफ्तार से हुआ हादसा

## बेकाबू कार डिवाइडर तोड़ विद्युत पोल से टकराई

**नीमच। नगर के गोमाबाई रोड पर गुरुवार देर रात एक तेज रफ्तार कार बेकाबू होकर डिवाइडर तोड़ती हुई बिजली के पोल से जा टकराई। हादसा संजीवनी नाले के पास हुआ, जिसमें कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और डिवाइडर व पोल टूट गए। गनीमत रही कि इस दौरान सड़क पर कोई राहगीर या अन्य वाहन मौजूद नहीं था, जिससे कोई बड़ी जनहानि नहीं हुई।**



जानकारी के अनुसार, कार क्रमांक आरजे 14 सीएक्स 9851 का चालक गोमाबाई रोड से काफी तेज रफ्तार में गुजर रहा था। संजीवनी नाले के समीप पहुंचते ही कार अचानक बेकाबू हो गई और चालक नियंत्रण खो बैठा।

तेज रफ्तार के कारण कार सीधे सड़क के बीच बने मजबूत डिवाइडर में जा घुसी। टक्कर इतनी भीषण थी कि डिवाइडर पूरी तरह टूट गया और उसके टुकड़े दूर तक छिटक गए। इसके बाद कार आगे जाकर एक विद्युत पोल से टकराई, जिससे पोल भी बुरी तरह टेढ़ा हो गया।

हादसे की गंभीरता के बावजूद, कार में सवार किसी भी व्यक्ति को कोई गंभीर चोट नहीं आई है। सड़क पर उस समय किसी और के न होने से एक बड़ा हादसा टल गया।

सूचना मिलते ही कैंट थाने के प्रभारी एसआई भगवत सिंह तत्काल मौके पर पहुंचे और दुर्घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस ने क्षतिग्रस्त कार को सड़क से हटवाया। पुलिस प्रथम दृष्टया तेज रफ्तार को ही दुर्घटना का मुख्य कारण मान रही है और मामले की जांच जारी है।